Lagatar

Chandil : नकली शराब बनाते चार को पुलिस ने किया गिरफ्तार

Chandil (Dilip Kumar) : सरायकेला-खरसावां जिला पुलिस अधीक्षक (एसपी) के निर्देश पर चांडिल थाना की पुलिस ने रविवार तड़के अवैध विदेशी शराब की खरीद बिक्री व नकली शराब बनाने के विरुद्ध अभियान चलाया. इस दौरान पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार किया है. इसके साथ पुलिस ने बड़ी मात्रा में अवैध शराब और नकली शराब बनाने में उपयोग में लाए जाने वाली सामग्री बरामद की है. चांडिल के एसडीपीओ सुनील कुमार रजवार और थाना प्रभारी वरूण यादव ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों में एक पर उत्पाद अधिनियम के तहत पूर्व से मामला दर्ज है. उन्होंने कहा कि चांडिल थाना अंतर्गत जरियाडीह स्थित कैनाल के सामने एक बंद मकान में छापामारी की गयी. उक्त मकान से भारी मात्रा में अवैध नकली विदेशी शराब और शराब बनाने के लिए उपयोग में लाने वाली अन्य समाग्री बरामद की गई. मौके पर अवैध विदेशी शराब बना रहे संचालक और उसके सहयोगियों को गिरफ्तार किया गया है. गिरफ्तार अभियुक्तों में चिलगु के रहने वाले 45 वर्षीय रामनाथ गोप उर्फ कालिया गोप व 35 वर्षीय कालीपदो गोप, भुइयांडीह के रहने वाले 24 वर्षीय राहुल तंतुबाई और 21 वर्षीय कार्तिक कालिंदी शामिल है.

Source: https://lagatar.in/chandil-police-arrested-four-for-making-fake-liquor/